गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 07.10.2016 का कार्यविवरण

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 07.10.2016 को सायं 04:00 बजे प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :–

01.	प्रो0 एस.पी. सिंह, प्रभारी कुलपति	अध्यक्ष
02.	प्रो0 ए.एस. रणदिवे	सदस्य
03.	प्रो0 जे.एस. दांगी,	सदस्य
04	प्रो0 पी.के. बाजपेयी	सदस्य
05.	प्रो0 व्ही.एस. राठौड	सदस्य
06.	प्रो0 अनुपमा सक्सेना	सदस्य
07.	प्रो. एम.के. सिंह	सदस्य
08	डॉ. रेणु भट्ट	सदस्य
09.	डॉ0 एम.सी. राव	सदस्य
10.	डॉ0 राकेश पाण्डेय	सदस्य
11.	प्रो0 बी.एन. तिवारी, कुलसचिव (कार्यवाहक)	सचिव
12.	श्री एच.एन. चौबे, संयुक्त कुलसचिव (विशेष आमंत्रित)	

वि.क. 01 **विश्वविद्यालय की प्रथम सेमेस्टर (सत्र 2015–16) की एटीकेटी की परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र/छात्राओं की पुनः परीक्षा आयोजित करने पर विचार करना।**

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने अंकित किया कि विश्वविद्यालय की प्रथम सेमेस्टर (सत्र 2015–16) की एटीकेटी की परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र/छात्राएं जो कि वर्तमान में तृतीय सेमेस्टर (सत्र 2016–17) की कक्षा में अध्ययन कर रहें है, जिनको प्रथम सेमेस्टर में पुनः अध्ययन करना था किंतु सीबीसीएस प्रणाली लागू होने एवं अपरिहार्य परिस्थितियों से परीक्षा परिणाम घोषित करने में विलंब हो गया है, जिसके कारण उन्हें प्रथम सेमेस्टर में पुनः प्रवेश दे पाना संभव नहीं है।

विचारोपरांत व्यापक छात्रहित में विशेष परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया कि ऐसे समस्त छात्र/छात्राओं की जो एटीकेटी प्रथम सेमेस्टर (सत्र 2015–16) में सम्मिलित हुए थे और अनुत्तीर्ण हो गये हैं, को एक अंतिम अवसर देते हुए विशेष परीक्षा आयोजित की जाय। विशेष परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को पुनः अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा। इस विशेष व्यवस्था को भविष्य के लिए दृष्टांत के रूप में न तो उद्धृत किया जायेगा और न ही मान्य किया जायेगा।

यह भी निर्णय लिया गया कि द्वितीय सेमेस्टर (सत्र 2015–16) एटीकेटी की परीक्षा, जो आयोजित होनी है, उसमें भी इस तरह की समस्या उत्पन्न होने की स्थिति में उपरोक्तानुसार विशेष परीक्षा आयोजित की जावे। लेकिन विशेष परीक्षा में केवल उन्हीं

7/10/16

7/x/16

छात्र/छात्राओं को बैठने की पात्रता होगी जो द्वितीय सेमेस्टर के एटीकेटी में विधिवत रूप से सम्मिलित होकर उत्तीर्ण नहीं हो पाये हैं।

अध्यक्ष एवं उपस्थिति सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक संपन्न की गई।

01. प्रो0 ए.एस. रणदिवे
02. प्रो0 जे.एस. दांगी,
03 प्रो0 पी.के. बाजपेयी
04. प्रो0 व्ही.एस. राठौड
05. प्रो0 अनुपमा सक्सेना
06. प्रो. एम.के. सिंह
07 डॉ. रेणु भट्ट
08. डॉ0 एम.सी. राव
09. डॉ0 राकेश पाण्डेय
10. श्री एच.एन. चौबे, संयुक्त कुलसचिव (विशेष आमंत्रित)

कुलपति (प्रभारी)/अध्यक्ष

कुलसचिव (कार्यवाहक)/सचिव